तापमान

अधिकतम 30 .8 डिग्री
न्यूनतम 12 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 23 मार्च 2026

10 रेलवे रोड पर मनाया आर्य समाज का स्थापना ....



10 तीन छात्रों ने जवाहर नवोदय परीक्षा में रचा ...



## खबर संक्षेप

### जेल में बंद कैदी से नशीला पदार्थ बरामद

**यमुनानगर।** जिला जेल में बंद कैदी विकास पाल से चेकिंग के दौरान नशीला पदार्थ बरामद हुआ है। पुलिस में आरोपी कैदी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उप अधीक्षक वरुण कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 मार्च को शाम साढ़े पांच बजे कैदियों के बैरक की जांच कर रहे थे। इस दौरान उन्हें शक के आधार पर जब जेल में बंद कैदी विकास पाल की तलाशी ली तो उसके पास से नशीली गोलियां व गांजा बरामद हुआ। उसने इस बारे पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी विकास पाल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सूने घर से सोने चांदी और आईफोन चोरी

**यमुनानगर।** गांव परवालो में चोरों ने सूने घर में घुसकर सोने चांदी के आभूषण तथा आईफोन चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव परवालो निवासी विक्रम ने बूडिया थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात 10 बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। अगले दिन सुबह जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से चांदी के आभूषण, सोने की अंगूठी, एक मिट्टी का गुल्लक तथा आईफोन गायब मिला। चोरी हुए सामान की कीमत करीब एक लाख 10 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 100 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने शहर की भारत कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई कुलदीप कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 मार्च को रात 10 बजे वह क्षेत्र में गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि शहर की भारत कॉलोनी में एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है।

### दंपति व महिला पर हमला, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव खारवन में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर दंपति व महिला पर हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपी लोगों को नामजद करते हुए चार अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कुवि में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 25 से

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संस्कृति सोसाइटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट, कुरुक्षेत्र के सहयोग से हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह फिल्म फेस्टिवल विश्वविद्यालय परिसर में 25 से 28 मार्च, 2026 तक आयोजित होगा।चार दिनों तक चलने वाले इस अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में विश्व सिनेमा की विविधता देखने को मिलेगी, जिसमें 38 देशों की 26 भाषाओं में बनी लगभग 80 चर्चित और प्रशंसित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

---

### कुवि में क्षेत्रीय दिशा कार्यशाला में बोले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

# टेली-लॉ और न्याय बंधु कार्यक्रम से आसान हो रही न्यायिक पहुंच

- टेली-लॉ और न्याय बंधु कार्यक्रम से मजबूत हो रही न्यायिक पहुंच
- हरियाणा में 46 .52 प्रतिशत पुलिसकर्मी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालतों में हो रहे पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पीएम ने 'डिजिटल इंडिया' और 'विकसित भारत' का जो विजन दिया है, उसमें समावेशी विकास और सुशासन की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। हरियाणा सरकार इस विजन के साथ पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार मानती हैं कि जब तक समाज का हर वर्ग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और न्याय प्राप्ति के प्रति आश्वस्त नहीं होगा, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय दिशा कार्यशाला में शिरकत कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, न्याय विभाग के सेक्रेटरी नीरज वर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी सुरेश कुमार भी मौजूद थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि टेली-लॉ और न्याय बंधु कार्यक्रम से मजबूत हो रही न्यायिक पहुंच। हमारे संविधान की प्रस्तावना हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का वचन देती है।




**कुरुक्षेत्र।** कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल सीएम नायब सिंह सैनी व साथ में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राब नरबीर सिंह।

### दिशा योजना महत्वपूर्ण स्तंभ



मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशा एक नागरिक केंद्रित और तकनीक संचालित पहल है। इसके तहत तीन प्रमुख कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, टेली-लॉ रीचिंग द अनरीच्ड, न्याय बंधु और विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम। ये तीनों कार्यक्रम मिलकर न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बना रहे हैं। टेली-लॉ कार्यक्रम दिशा योजना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। आज के डिजिटल युग में तकनीक का उपयोग कर दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को भी विधिक सलाह उपलब्ध कराई जा रही है। देशभर में लगभग 2 लाख 50 हजार कॉमन सर्विस सेंटर का एक विशाल नेटवर्क स्थापित किया गया है। यह नेटवर्क ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित हैं। यह सुविधा 777 जिलों तक पहुंच चुकी है।

### गरीब को भी सहज सुलभ न्याय मिले: मेघवाल

कार्यशाला को संबोधित करते हुए केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निदेर्शानुसार जागरूकता के लिए दिशा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रयास यहीं है कि गरीब को भी सहज सुलभ न्याय मिले। इस प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए टेली-लॉ रीचिंग द अनरीच्ड, न्याय बंधु और विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए गए है। देश के संविधान के अनुसार सबको न्याय प्राप्त करने का हक है और इस कार्यशाला का भी यही उद्देश्य है, उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक तक न्याय पहुंचे। उन्होंने कहा कि टेली-लॉ, न्याय बंधु तथा कानूनी साक्षरता कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। संविधान में कहीं गई सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक न्याय को सच साबित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को राजनीति में भी 33% प्रतिशत का आरक्षण दिया है। कार्यशाला में अनेक अधिवक्ताओं, प्रबुद्धजनों ने अपने विचार सांझा किए, जिस पर भी केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने भी अपने विचार रखे।

### 10 हजार 263 वकीलों ने पंजीकरण करवाया

आम नागरिक अब टेली-लॉ मोबाइल ऐप और टोल-फ्री नंबर 14454 के माध्यम से भी आसानी से कानूनी सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा 'न्याय सहायकों' की नियुक्ति की गई है। जो घर-घर जाकर लोगों को टेली-लॉ प्लेटफॉर्म से जोड़ने का काम कर रहे है। इसी प्रकार, 'न्याय बंधु' कार्यक्रम देश में प्रो-बोनो सेवाओं की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए चलाया गया है और 28 फरवरी तक 10 हजार 263 वकीलों ने अपना पंजीकरण करवाया है।

### तीन आपराधिक कानूनों को हरियाणा ने किया लागू

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा देश का अग्रणी राज्य है, जिसने इतने कम समय में तीन नये कानूनों को सफलतापूर्वक लागू किया है। इन कानूनों को लागू करने में आधुनिक तकनीक का भी प्रयोग किया है। ई-साक्ष्य और ई-समन ऐप सफलतापूर्वक लागू किये हैं। सभी जांच अधिकारियों को ऐप पर ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से पुलिस थानों, फोरेंसिक प्रयोगशालाओं, न्यायालय कक्षों, कारागारों और बैंकों में 2 हजार 145 वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष स्थापित किये हैं। लगभग 46.52 प्रतिशत पुलिसकर्मी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालतों में पेश हो रहे हैं।

---



**इंद्री।** हिंदू एकता सम्मेलन मे पहुंचे हिंदू संगठनों के लोग व गो रक्षक ।

### इंद्री में पशुओं के अवशेष मिलने का मामला

# महापंचायत में आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग

- नवरात्रों के दिनों में पशुओं की हत्या सहन नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

इंद्री क्षेत्र मे पश्चिमी यमुना नहर व धनौरा एस्केप में पशुओं के अवशेष मिलने पर रविवार को सिंचाई विभाग के विश्राम गृह इंद्री में हिन्दू एकता सम्मेलन के बैनर तले एक महापंचायत का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता गोरक्षक मोनू पहलवान, मोनी काली रामना, राजेश कलसौरा व मोनू धीमान ने की । पंचायत में मुख्य रूप से गो रक्षक संत गोपाल दास, पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज सहित कई संतों व सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर बडी संख्या मे क्षेत्र व प्रदेश भर से आए गोरक्षक व बजरंग दल के सदस्य मौजूद रहें । अभी तक पुलिस आरोपियों को पकड़ नहीं पाई जिसको लेकर रविवार को विश्राम गृह मे महापंचायत की गई । जिसमे आरोपियों को शीघ्र पकडने की मांग की गई । इस मौके पर गो भक्त संत गोपाल दास ने कहा कि नवरात्रों के दिनों में ऐसा घिनौना कार्य करना निंदनीय ही नहीं बल्कि असहनीय है। नवरात्रों के दिनों में पशुओं की हत्या सहन नहीं किया जाएगा। प्रशासन अभी तक आरोपियों को पकड़ नही पाया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कानून बनाए जाने के बावजूद ऐसी घटनाएं हो रही है जोकि गलत है। उन्होंने कहा कि सरकार को गोसेवा सुरक्षा बल बनाना चाहिए और गो सेवकों को गाय माता की रक्षा करने की सरकार द्वारा ट्रेनिंग देनी चाहिए। इस सुरक्षा बल में विभिन्न प्रकार की भर्तियां करनी चाहिए और गो सेवकों को इसमें प्राथमिकता देनी चाहिए। संत गोपाल दास ने कहा कि सरकार को गायों के सरंक्षण के लिए पंचायत के सहयोग से काम करना होगा ताकि दूध ना देने वाले गायों को पाला जा सके। सरकार को गोचराण की भूमि पर जैविक खेती कर इसका हल निकालना होगा। ऐसी घटनाएं दोबारा ना हो इसके लिए सरकार को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

---

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 6.16 लाख रुपये

**यमुनानगर।** टूरिस्ट वीजा पर ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर गांव पांसरा निवासी सोहित कुमार से छह लाख 16 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप चंडीगढ़ सेक्टर 17 डी निवासी हरमनप्रीत कौर तथा मोहाली के एसएएस नगर, नया गांव कान्सली निवासी अक्षय वर्मा पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव पांसरा निवासी सोहित कुमार ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह टूरिस्ट वीजा पर ऑस्ट्रेलिया जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात अक्षय वर्मा व हरमनप्रीत कौर के साथ हुई। आरोपियों ने चंडीगढ़ हुड्डा सेक्टर 17 डी में कार्यालय बनाया हुआ है। वह आरोपियों को उनके कार्यालय में मिला। आरोपियों ने उसे बताया कि वह बहुत लोगों को टूरिस्ट व वर्क वीजा पर विदेश भेज चुके हैं। बहकावे में आकर पैसे दे दिए।

### पत्नी ने पुलिस को पेन ड्राइव सौंपी

# ठेकेदारों से परेशान राजमिस्त्री ने जहर निगलकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

बकाया रुपयों का भुगतान न होने व ठेकेदारों के उत्पीड़न से परेशान होकर सौंडा कॉलोनी के एक राजमिस्त्री 34 वर्षीय जसबीर सिंह ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। जसबीर ने सुबह करीब 10 बजे घर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उन्हें तुरंत एमएम अस्पताल सद्दोपुर ले गए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पत्नी ने पुलिस को एक पेन ड्राइव भी सौंपी है जिसमें ठेकेदारों के साथ हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग मौजूद है। पत्नी सुषमा देवी की शिकायत पर पुलिस ने ठेकेदार बजरंग, कार्तिक सांगवान व हरविंद्र सिंह पर केस दर्ज किया है। सुषमा देवी ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि उनके पति जसबीर सिंह ने दिसंबर 2025 में ठेकेदार बजरंग वासी भिवानी से चौड़मस्तपुर में बन रही बिजली विभाग की नई बिल्डिंग में शटरिंग का ठेका लिया था। जसबीर ने शर्तों के अनुसार काम पूरा कर दिया था लेकिन ठेकेदार बजरंग, कार्तिक सांगवान और हरविंद्र सिंह काम को आगे नहीं बढ़ा रहे थे। परिजनों का आरोप है कि शटरिंग किराये पर ली गई थी जिसका किराया लगातार बढ़ रहा था। जब जसबीर अपने रुपये मांगता तो आरोपी आनाकानी करते व उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। सुषमा ने बताया कि रुपयों के विवाद के लिए 28 फरवरी को थाना नग्गल में शिकायत भी दी गई थी लेकिन ठेकेदारों ने मौखिक आश्वासन देकर शिकायत वापस करवा दी। इसके बाद आरोपियों ने जानबूझकर काम में कमियां निकालकर दोबारा शटरिंग करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जसबीर की मानसिक परेशानी और बढ़ गई थी। परेशान होकर जसबीर ने जहरीला पदार्थ निगल लिया।

### कंपनी में इन्वेस्टमेंट करवा व्यक्ति से ठगे 38 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने कंपनी में इन्वेस्टमेंट करवा अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 निवासी विनोद राणा से 38 लाख रुपये ठग लिए। उसे जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हुड्डा सेक्टर 17 निवासी विनोद राणा ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 मार्च 2025 को उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का मैसेज आया। मैसेज पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप से जुड़ गया। जहां पर कंपनी में इन्वेस्टमेंट के संबंध में बातचीत चल रही थी। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उसे मार्च 2025 से फरवरी 2026 के बीच अलग-अलग करके करीब 38 लाख रुपये जमा करवा लिए।

# मीरी पीरी अस्पताल पर कब्जे की कोशिश से सिख संगत में रोष

- अस्पताल पर किसी भी प्रकार का गैर-कानूनी कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद



**शाहबाद।** बैठक कर मीरी पीरी संस्थान पर कब्जे के प्रयास की निंदा करते सिख संगत।

शहर के मीरी पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च में कुछ शरारती तत्वों द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश करने की घटना से माहौल गरमा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही संगत और विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों में भारी रोष फैल गया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रघुजीत सिंह विर्क और सदस्य बलदेव सिंह कायमपुर ने पत्रकारों से बातचीत में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अस्पताल पर किसी भी प्रकार का गैर-कानूनी कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दोबारा ऐसी हरकत की गई तो उसका डटकर विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पिछले दिनों अस्पताल पर कब्जा करने की कोशिश की, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हुआ है। इस घटना को लेकर संगत में गहरा आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आरोपियों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर हरियाणा संगत, शिरोमणि अकाली दल, हरियाणा सिख एकता दल, अकाल पंथक मोर्चा और श्री गुरु तेग बहादुर सेवक सभा के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर कहा कि यह अस्पताल सेवा का केंद्र है और इसे किसी भी साजिश का शिकार नहीं बनने दिया जाएगा। स्थिति को देखते हुए अस्पताल परिसर में मजबूत मोर्चा गठित कर दिया गया है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके।

---

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 3 अप्रैल को अवार्ड वितरण समारोह

# नैनो बायोटेक्नोलॉजी व बायोमेडिकल शोध के लिए प्रो. गोपीनाथ को मिलेगा राजीब गोयल पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 3 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित गोयल पुरस्कार समारोह में प्रख्यात रुडकी के युवा वैज्ञानिक प्रो. गोपीनाथ पैकिरिसामी को नैनोबायोटेक्नोलॉजी, बायोसेंसर, टिश्यू इंजीनियरिंग और बायो मेडिकल नैनोमेटेरियल्स के क्षेत्र में में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं गोयल अवार्ड आयोजन समिति के चेयरमैन प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि 45 वर्ष से कम आयु के चार प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को राजीब गोयल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### पदक, प्रशस्ति-पत्र तथा एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी



प्रो . गोपीनाथ

प्रत्येक पुरस्कार के तहत विजेताओं को एक पदक, प्रशस्ति-पत्र तथा एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। 3 अप्रैल को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित इस भव्य समारोह में देश-विदेश के अनेक प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष प्रो. एसपी सिंह ने बताया कि तमिलनाडु में जन्मे प्रो. गोपीनाथ पैकिरिसामी वर्तमान में आईआईटी रुड़की के बायोसाइंसेज एवं बायोइंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर हैं और एएस आर्य चेयर प्रोफेसरशिप संभाल रहे हैं।

### 175 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित कर चुके

नैनोबायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए आईआईटी रुड़की में नैनोबायोटेक्नोलॉजी प्रयोगशाला की स्थापना की। पुरस्कार समिति की संयोजक प्रो. अनीता भटनागर ने बताया कि प्रो. गोपीनाथ पैकिरिसामी शोध क्षेत्र में नैनोबायोटेक्नोलॉजी, बायोसेंसर, टिश्यू इंजीनियरिंग और बायो मेडिकल नैनोमेटेरियल्स शामिल हैं। प्रो. पैकिरिसामी 175 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित कर चुके हैं, साथ ही 8 पुस्तकें और 15 पुस्तक अध्याय भी लिख चुके हैं। उन्होंने 34 पेटेंट फाइल किए हैं, जिनमें से 20 स्वीकृत हो चुके हैं।

### छह वर्षों के एच-इंडेक्स के आधार पर विश्व के शीर्ष 3 वैज्ञानिकों में शामिल

उनके शोध कार्य को 10,000 से अधिक बार उद्धृत किया जा चुका है और एडी साइंटिफिक इंडेक्स 2026 के अनुसार वे पिछले छह वर्षों के एच-इंडेक्स के आधार पर विश्व के शीर्ष 3 वैज्ञानिकों में शामिल हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रो. पैकिरिसामी को टाटा इनोवेशन फेलोशिप, आईसीएमआर बायोमेडिकल रिसर्च पुरस्कार, आईएलएसआई-इंडिया यंग साइंटिस्ट अवार्ड सहित कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उनकी टीम को वर्ष 2019 में भारत के उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में गांधीवादी यंग टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन अवार्ड भी प्रदान किया गया था। वे रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, रॉयल सोसाइटी ऑफ बायोलॉजी और एकेडमी ऑफ साइंसेज, चेन्नई के फेलो हैं तथा ह्यसुपर गुड नैनो प्राइवेट लिमिटेडह्न के सह-संस्थापक एवं निदेशक भी हैं।

# किसान-मजदूर जनक्रांति रैली आज, रूट डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पिपली अनाज मंडी में आज 23 मार्च को भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसान-मजदूर जनक्रांति रैली आयोजित की जाएगी। रैली को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस प्रशासन ने रैली के मध्यनजर रूट डायवर्ट किए है। वहीं रैली से पहले भाकियू अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने वीडियो जारी किया है। किसान नेता ने किसानों को सरकार से नहीं डरने और बहकावे में नहीं आने का आह्वान किया। उन्होंने साफ कहा कि आपकी मौजूदी के आधार पर ही आगे की रणनीति तय होगी। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे, क्योंकि यही संख्या सरकार को झुकाएगी और अमेरिका के साथ होने वाली ट्रेड डील को रद्द करवाएगी। ये डील किसानों के रोजगार, खेती और पूरे देश के लिए खतरे की घंटी है। उधर, पुलिस प्रशासन ने रैली को देखते हुए ट्रैफिक एडवाजरी जारी की है। चढूनी ने कहा कि अपनी ताकत दिखाओ। 23 तारीख को जितने ज्यादा लोग आएंगे, उसी हिसाब से सरकार और हम भी अपना फैसला लेंगे। रैली से पहले हो सकता है कि सरकार तरह-तरह की अफवाहें फैलाए और डराने की कोशिश करे, लेकिन आप किसी बात पर ध्यान मत दो। आपका निशाना सिर्फ 23 मार्च को पीपली रैली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, पुलिस कुछ भी कर सकती है, पकड़ सकती है, बैरिकेडिंग कर सकती है, डंडे चला सकती है या जेल भी ले जा सकती है। लेकिन किसान भाई घर वापस न जाएं। हम शांतिपूर्वक रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### महिलाएं लें जल संरक्षण का संकल्प : नेहा शर्मा

**करनाल।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के तत्वाधान में कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर के मार्गदर्शन में चल रहे जल महोत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व जल दिवस पर नीलोखेड़ी में स्वयं सहायता समूह महिलाओं की पेयजल में महत्वपूर्ण भूमिका पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की वासो टीम से जिला सलाहकार नेहा शर्मा रही, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नीलोखेड़ी के खंड संयोजक कुलभूषण शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिला रीटा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पेयजल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान बने कृष्ण सचदेवा

**करनाल।** सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक नई सब्जी मंडी परिसर में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से कृष्ण सचदेवा को प्रधान तथा अवतार सिंह तारी को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सब्जी मंडी के सभी आढ़ती मौजूद रहे। अन्य पदाधिकारियों में कपिल शर्मा तथा नरेंद्र कुमार को उप प्रधान, नाथी राम को महासचिव, प्रमोद बजाज को सचिव, दलविंदर सिंह को कोषाध्यक्ष, जतिंद्र मलिक को मुख्य सलाहकार तथा गगन ढींगड़ा को सलाहकार निर्वाचित किया गया। सभी आढ़तियों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पहार से स्वागत किया। प्रधान कृष्ण सचदेवा तथा अध्यक्ष अवतार सिंह तारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता आढ़तियों को एकजुट रखना और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है।

### रिंग रोड सर्विस लेन की मांग पर किसानों का धरना

**करनाल।** गांव शेखपुरा-सोहाना के पास रिंग रोड पर सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर किसानों का धरना 45वें दिन में प्रवेश कर गया। धरनास्थल पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन ने की तथा संचालन जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा। इसके तहत ब्लॉकवार ड्यूटी निर्धारित की गईः 24 मार्च – करनाल, 25 मार्च – इंद्री, 26 मार्च – नीलोखेड़ी, 27 मार्च – निसिंग, 28 मार्च – घरौंडा, 29 मार्च – असंध में कार्यक्रम होगा।

### 26 को किसानों-मजदूरों की मांगों पर सेमिनार

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मैहला ने बताया कि 26 मार्च को किसान भवन चंडीगढ़ में सेमिनार आयोजित होगा। सेमिनार में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, एमएसपी गारंटी कानून, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें, कर्ज माफी, बिजली संशोधन बिल 2025 पर चर्चा होगी। मीटिंग में मनदीप सिंह नथवान, लखविंदर औलख, अमरजीत मोहड़ी, जगदीप औलख, बहादुर मैहला बलड़ी, प्रिंस आदि शामिल रहे।

## कृषि मंत्री ने रादौर में मिनी सचिवालय का किया शिलान्यास

# महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष कदम उठा रही भाजपा सरकार: राणा

**40 करोड़ से उपमंडल रादौर में तैयार होगा मिनी सचिवालय, लोगों को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक स्थान पर होगी उपलब्ध**



**रादौर।** यमुनानगर के रादौर में मिनी सचिवालय का शिलान्यास करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने रविवार को उपमंडल रादौर में लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मिनी सचिवालय भवन का विधिवत पूजा पाठ एवं नारियल तोड़कर आधारशिला रखते हुए शिलान्यास किया। मौके पर ग्रामीणों ने कृषि मंत्री का जोरदार स्वागत किया।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मिनी सचिवालय के बनने से आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा और इसमें विभिन्न विभागों के कार्यालय एक ही परिसर में संचालित होंगे। हलके की जनता को प्रशासन से संबंधित अपने अधिकांश काम करवाने के लिए जिला के विभिन्न स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। ऐसा होने से जनता की पैसे व समय की बचत भी होगी। इसके बाद कृषि मंत्री ने अनाज मंडी रादौर में मार्किट कमेटी के सौजन्य से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा खोली गई अटल किसान मजदूर कैंटीन का रिबन काटकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की सोच है कि हर वर्ग के साथ साथ किसान मजदूर व जरूरतमंदों को किसी न किसी रूप में लाभ मिलें। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से प्रत्येक अनाज मंडी में अटल किसान मजदूर कैंटीन खोली जा रही है। सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार आमजन की सुविधाओं के लिए निरंतर कार्यरत है। भाजपा सरकार में प्रदेश लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के सुशासन में आज समाज के हरवर्ग को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर के द्वार पर मिल रहा है। इस अवसर पर मार्किट कमेटी सचिव राजीव चोपड़ा,पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, मार्किट कमेटी के चेयरमैन रूपिन्द्र सिंह मल्ली, नगरपालिका सचिव रजनीश मेहता, मार्किट एसडीओ मार्किटिंग बोर्ड अंकित शर्मा, भाजपा मंडलाध्यक्ष कृष्ण काम्बोज व मास्टर सतपाल काम्बोज आदि मौजूद रहे।

### इन कार्यालयों की मिलेगी सुविधा

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मिनी सचिवालय में उपमंडल अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय और न्यायालय, ई.दिशा केन्द्र, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, उपमंडल शिक्षा अधिकारी कार्यालय, ट्रेजरी कार्यालय, पोस्ट ऑफिस कार्यालय, सरकारी बैंक, डीएसपी कार्यालय, नगरपालिका कार्यालय, एसडीओ एग्रीकल्चर कार्यालय, चुनाव कार्यालय, पशुपालन कार्यालय, एक्साइज एंड टैक्सेशन कार्यालय, एआईपीआरओ कार्यालय, इंडस्ट्री कार्यालय व सूचना एवं प्रसारण आदि कार्यालय होगें।

# स्वच्छ पर्यावरण के लिए पौधरोपण जरूरी: सैनी



यमुनानगर। रविवार को पार्क में पौधरोपण करते हुए रोटरी क्लब व पार्क एसोसिएशन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

- रोटरी क्लब रादौर द्वारा अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के उपलक्ष में किया पौधारोपण
- प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी ने पौधारोपण कार्यक्रम का पौध रोपित कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रोटरी क्लब व महाराणा प्रताप पार्क एसोसिशन रादौर द्वारा संयुक्त रुप से अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के उपलक्ष में रविवार को पार्क में पौधारोपण किया गया। इस दौरान क्लब व एसोसिएशन के सदस्यों ने फल, छायादार व औषधीय पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण स्वच्छता का संदेश दिया। क्लब के प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी व महाराणा प्रताप पार्क एसोसिएशन के उप प्रधान दर्शन मनचंदा ने पौधारोपित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्लब के प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान में वातावरण में प्रदूषण बढ़ रहा है। ऐसे में वातावरण को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। ताकि हमारा वातावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से मुक्ति मिल सके। मौके पर एसोसिएशन के उप प्रधान दर्शन मनचंदा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाए जाने का मुख्य उदेश्य सभी प्रकार के वनों और वृक्षों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने लोगों से त्योहारों, जन्मदिन व अन्य खुशी के मौके पर अधिक से अधिक पौधे रोपण करने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का बचाव करना मानव का सर्वोपरि धर्म है। इसे सवेच्छा से पूरा करना चाहिए।

# महिला एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों में त्वरित करें कार्रवाई: सिंह

- उप महानिरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह ने गोष्ठी में लिया मुख्यातिथि के रुप में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते उप महानिरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह।

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था को लेकर लघु सचिवालय में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। गोष्ठी में मुख्यातिथि के रुप में पुलिस के उप महानिरीक्षक सुरेंद्रपाल सिंह ने भाग लिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने उप महानिरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह का स्वागत किया। ने जिला मुख्यालय पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने उनका स्वागत किया।

मुख्यातिथि सुरेंद्रपाल सिंह ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी थाना एवं चौकी क्षेत्र में नियमित रूप से पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए। महिला एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और पीड़ितों को संवेदनशीलता के साथ सहायता प्रदान की जाए। उप महानिरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह ने पुलिस अधिकारियों को पेट्रोल पंप, बैंक, ज्वैलरी की दुकानों, होटल, ढाबों, स्कूल, कालेज, अस्पताल, मार्केट व कोचिंग संस्थानों सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए। उप महानिरीक्षक ने अधिकारियों को आम नागरिकों के साथ विनम्र व्यवहार करने के निर्देश दिए।

### दुर्गा मंदिर में 26 को होगा मां भगवती का जागरण

**रादौर।** जय दुर्गा मंदिर में 26 मार्च को मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। जागरण के अवसर पर हवन यज्ञ व भंडारे का भी आयोजन किा जाऐगा।

माता जय दुर्गा मंदिर समिति के प्रबंधक अरविंद रोहिल ने बताया कि मां भगवती के जागरण को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि माता जय दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र पर हर वर्ष मां भगवती के जागरण का आयोजन किया जाता है। इस बार मंदिर में 57वें जागरण का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने मां भगवती के जागरण और भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां का आर्शीवाद प्राप्त करने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर राजीव, कृष्ण गोपाल रोहिला, धर्मवीर , मुकेश, मास्टर पवन, दिनेश, राजेश, विनोद, मास्टर बलजीत व हरी सिंह आदि मौजूद रहे।

# निगम टीम ने घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग रोकने के लिए

- अतिरिक्त निगमायुक्त के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने कई प्रतिष्ठानों पर की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




**यमुनानगर।** व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच करते हुए नगर निगम की टीम।

घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक इस्तेमाल पर रोक सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम यमुनानगर की टीम ने रविवार को शहर के विभिन्न होटल, ढाबों और फास्ट फूड सेंटरों पर छापेमारी की। उपायुक्त प्रीति के निर्देशों पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि व्यवसायिक एवं घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करने और घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक इस्तेमाल रोकने के लिए नियमित जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर आम जनता की जरूरतों के लिए सब्सिडी पर उपलब्ध कराए जाते हैं। जबकि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अलग से कमर्शियल सिलेंडर निर्धारित किए गए हैं। ऐसे में यदि कोई व्यवसायी घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जांच भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेगी। ताकि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### देश की आजादी में शहीद भगत सिंह का योगदान भुलाया नहीं जा सकता : डॉ. मिश्र



**कुरुक्षेत्र।** देश की आजादी में भगत सिंह का योगदान कौन भूल सकता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, भारतीय युवाओं के आदर्श और साहस के प्रतीक भगत सिंह को 23 मार्च 1931 को उन्हें और उनके साथियों राजगुरु और सुखदेव को ब्रिटिश हुकूमत द्वारा फांसी दी गई थी। शहीद भगत सिंह का मानना था कि आदमी को मारा जा सकता है, उसके विचारों को नहीं। यह विचार अमर शहीदों की गाथाः स्वतंत्रता से आत्मनिर्भर भारत की यात्रा विषय पर आयोजित द्विदिवसीय शहीद संवाद कार्यक्रम में मिशन के संयोजक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र, घुमंतू समाज कल्याण संघ दिल्ली के अध्यक्ष कैप्टन सुभाष जोगी, राष्ट्र प्रेम मंच के अध्यक्ष विजय सैनी ने संयुक्त रूप से भारतमाता, शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से किया। कार्यक्रम को बिहोली के सरपंच सुनील कुमार, अमरगढ़ के सरपंच अजय भुक्कल, कर्मयोग सेवा सदन की अध्यक्षा ममता सिरोहा, समाजसेवी ज्ञान चंद गर्ग, बंजारा समाज के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़, प्रतापगढ़ के पूर्व सरपंच धर्मपाल सैनी ने शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के संयोजक विजय सैनी एवं आभार ज्ञापन कुरुक्षेत्र विश्वविद्याल के पूर्व सहायक कुलसचिव यशपाल सनन ने किया। कार्यक्रम में संजीव सैनी, तरसेम राणा, श्यामलाल सिरसिया, सतीश राणा, रामेश्वर यादव,एडवोकेट गुलशन, एडवोकेट रणजीत, एडवोकेट अमित, संजीव चनारथल, मास्टर बाबूराम सहित अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों से साढ़े सात लाख रुपये की नकदी व 125 ऑस्ट्रेलियन डॉलर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** स्पेशल स्टाफ टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी चोर।

जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने शहर के रटौली क्षेत्र से दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जिले में हुई आठ चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। इसके साथ ही तलाशी के दौरान आरोपियों से साढ़े सात लाख रुपये तथा 125 ऑस्ट्रेलियन डॉलर बरामद हुए हैं। स्पेशल स्टाफ टीम के इंचार्ज रमन चंदेल ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि दो युवक चोरी की वारदात देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे दो आरोपी युवकों को हिरासत में लिया। पुलिस ने जब आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने जिले में चोरी की आठ वारदातों का खुलासा किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान रोहित निवासी डेहा बस्ती हाउसिंग बोर्ड अंबाला कैंट और बादल निवासी तीर्थ नगर के रूप में हुई है। आरोपियों ने अपने तीसरे साथी जगाधरी निवासी दीपू का नाम भी बताया है।

# बहला फुसलाकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने बहला फुसलाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने युवती को ब्लैकमेल कर करीब एक साल तक संबंध बनाए और उसे जाति सूचक शब्द भी बोले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति समेत उसके परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 27 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उग्रसेन नामक युवक के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। एक जनवरी 2025 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी पर विश्वास करके उससे मिलने के लिए गई तो आरोपी ने उसे सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे ब्लैकमेल कर करीब एक साल तक संबंध बनाए। इसके बाद उसने जब आरोपी को गलत काम करने से रोका तो आरोपी ने उसे जाति सूचक शब्द बोले। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस नेविभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

# पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण युवाओं के जीवन का बन रहा पतन का कारण: भारती

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी नई अनाज मंडी में हुआ नूतन वर्षाभिनंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** नूतन वर्षाभिनंदनी समारोह में प्रवचन करते हुए साध्वी दीपा भारती।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी की नई अनाज मंडी में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता एवं सनातन मूल्यों के प्रचार प्रसार हेतु समर्पित नूतन वर्षाभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ वेदपाठी ब्रह्मज्ञानी साधकों के द्वारा रुद्राष्टाध्यायी के विशुद्ध उच्चारण के साथ किया गया।

साध्वी दीपा भारती ने फरमाया कि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को भारतीय नववर्ष मनाया जाता है। यह प्राकृतिक रूप से अत्यंत पावन और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण तिथि है। शास्त्रों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया था। इसी पावन तिथि से विक्रम संवत का आरम्भ हुआ । जिसे महान सम्राट विक्रमादित्य की विजय और गौरव से जोड़ा जाता है। इसके अतिरिक्त नवरात्रि का प्रारंभ भी इसी दिन से होता है। शीत ऋतु के पश्चात चैत्र मास में बसंत ऋतु व प्रकृति की छटा में नवीनता देखने को मिलती है।

## माता मंत्रा देवी के मंदिर में ऊंची चढ़ाई चढ़कर टेका माथा

# श्रद्धालुओं ने मां कुष्मांडा की पूजा कर मांगी मन्नतें

**चौथे नवरात्र पर मां बाला सुंदरी के मंदिर में करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने चढ़ाई नारियल चुनरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** मंत्रा मंत्री के लिए ऊंची चढ़ाई चढ़ते हुए श्रद्धालु।

चैत्र शुक्ल पक्ष के चौथे नवरात्र पर रविवार को श्रद्धालुओं ने जिले में स्थित मां जगत जननी आदि शक्ति के मंदिरों में पहुंचकर मां के चौथे स्वरूप कुष्मांडा की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर नारियल, चुनरी व अन्य फल फूल मां के चरणों में अर्पण कर अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। वहीं, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में चौथे नवरात्र पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसी तरह आदिबद्री क्षेत्र स्थित ऊंची पहाड़ी पर स्थित माता मंत्रा देवी के मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने ऊंची चढ़ाई चढ़कर माता के दर्शन किए। रविवार सुबह से ही मां के ड्राक्त अपने नजदीक स्थित मां आदि शक्ति जगज जननी मां दुर्गा के मंदिरों में पहुंचने शुरू हो गए थे। मां के ड्राक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां के प्रथम स्वरूप कुष्मांडा के दर्शन किए और नारियल आदि चढ़ा कर मन्नत मांगी। सबसे ज्यादा पच्चास हजार के करीब श्रद्धालु मां बाला सुंदरी के मंदिर में पहुंचे। महामाया मां बाला सुंदरी मंदिर में वैसे तो वर्ष भर श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है।

### मां कुष्मांडा ने की ब्रह्मांड की रचना

मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित यशपाल आचार्य ने बताया कि मान्यता है कि जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था। तब इसी देवी ने अपने हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं। इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमलपुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है। इस देवी के चौथे स्वरुप कुष्मांडा की सच्चे मन से पूजा करने वाले को सुगमता से परम पद प्राप्त होता है।

## खबर संक्षेप

### गीता ज्ञान संस्थानम में मुफ्ता जांच शिविर कल



कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सान्निध्य में गीता ज्ञान संस्थानम् में कल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। 24 मार्च को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य जांच शिविर में जहां गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की उपस्थिति रहेगी, वहीं कुरुक्षेत्र में पहली बार जीना सीखो, एच.आई.आई.एम.एस. के आचार्य मनीष स्वयं उपस्थित रह कर मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी टिप्स देंगे।

### पूर्व पार्षद एडवोकेट राधे श्याम वधवा बने प्रधान

थानेसर। रविवार को ग्रीन होम सैक्टर 29 में स.दर्शन सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय निवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर ग्रीन होम सैक्टर 29 के निवासियों ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के गठन की मांग रखी। जिसके अंतर्गत आम सहमति से पूर्व पार्षद एडवोकेट राधे श्याम वधवा को रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का प्रधान, सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर रोशन लाल को उप प्रधान, गौरव सिंघु सचिव, सौरभ शर्मा उप सचिव राजेश कुमार और विपिन कुमार आदि को प्रैस सचिव नियुक्त किया गया।

## मां भद्रकाली शक्तिपीठ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# मां दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

**ढोल-नगाड़ों की मंगलमयी ध्वनि के बीच लगे जयकारे**

- आगामी जागरण की व्यवस्थाओं को लेकर भी आज शक्तिपीठ की शंख टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र स्थित मां भद्रकाली शक्तिपीठ में आज चैत्र नवरात्रि की चतुर्थी तिथि के पावन अवसर पर माँ दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की गई। प्रातःकाल से ही व्रतधारी श्रद्धालुओं का मंदिर में आगमन प्रारंभ हो गया, जो ढोल-नगाड़ों की मंगलमयी ध्वनि के बीच माँ के जयकारों के साथ दर्शन हेतु पहुंचे। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने मां कुष्मांडा के दिव्य स्वरूप एवं महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि वे ब्रह्मांड की आदिशक्ति एवं सृष्टि की सृजिता हैं। इस अवसर पर माँ का गंगाजल से अभिषेक किया गया। सायंकालीन भजन संध्या में सरस्वती जागरण एंड पार्टी, पिपली द्वारा माँ के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पवन बंसल उपस्थित रहे। पीठाध्यक्ष ने बताया कि माँ भद्रकाली शक्तिपीठ देश का एक विशिष्ट पावन स्थल है, जहाँ महाआरती की परंपरा नारी शक्ति द्वारा संपन्न की जाती है। इस दिव्य परंपरा का पूर्व में निर्वहन गुरु माँ सरबती देवी द्वारा किया जाता रहा है और अब मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा किया जाता है । महाआरती में शंख, मोरपंख, गुलाब इत्र, चंवर एवं ध्वज का विधिवत रूप से प्रयोग होता है।तत्पश्चात माँ के पावन मंत्रों का उच्चारण, दुर्गा चालीसा एवं भगवती स्तोत्रम का पाठ कर भक्तिमय वातावरण निर्मित किया जाता है। आगामी जागरण की व्यवस्थाओं को लेकर भी आज शक्तिपीठ की शंख टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियाँ एवं दायित्व सौंपे गए। रात्रि में माँ के जयकारों के साथ शयन आरती का भावपूर्ण समापन हुआ।



कुरुक्षेत्र। भद्रकाली मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ. एम.के. मौदगिल, सेवा प्रमुख देवेंद्र गर्ग, संयोजक सुनील वर्मा, संजीव वर्मा, हाकम चौधरी, सुनील जांगड़ा, रामपाल लाठर, आशीष दीक्षित सहित बड़ी संख्या में सेवक उपस्थित रहे।

## सतचंडी महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता



पिहोवा। महंत सर्वेश्वरी गिरी, सरपंच विकल चौबे, गीता शर्मा, विशाल चावला, प्रिंस मंगला।

पिहोवा। नवरात्रि महोत्सव के दौरान गोबिदानंद आश्रम, प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर में मां कूष्मांडा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही भक्तजन मंदिरों में पहुंचकर मां के चरणों में माता टेकते नजर आए। इसमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या सर्वाधिक रही। मंदिर में भक्ति का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां कुष्मांडा का आशीर्वाद लिया। नवरात्रि पर्व को लेकर गण्यमान्यजनों ने अपने अपने विचार व्यक्त कि जो इस प्रकार है। शिवपुरी रोड स्थित श्री गोबिदानंद आश्रम में श्रीमंहत बंसी पुरी महाराज की अध्यक्षता में चल रहे सतचंडी महायज्ञ में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना कर पुण्य कमाया। आश्रम की महंत सर्वेश्वरी ने बताया कि शतचंडी पाठ केवल मंत्रों का उच्चारण नहीं, बल्कि यह मन, वचन और कर्म से माता दुर्गा की आराधना करने का अवसर है। भाजपा के युवा नेता एवं गांव धनीरामपुरा के सरपंच विकल कुमार चौबे ने कहा कि धार्मिक कार्यों में शामिल होने से मन को एक अद्भुत शांति एवं आनंद की प्राप्ति होती है। इससे मनुष्य के कष्ट ही दूर नहीं होते बल्कि सुख समृद्धि की प्राप्ति भी होती है। इससे न केवल भारतीय संस्कृति का प्रचार हो रहा है, बल्कि भारत की सकारात्मक छवि भी वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है। नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी विशाल चावला ने कहा कि भारत की समृद्ध संस्कृति, परंपराएं और त्योहार अब केवल देश तक सीमित नहीं रहे, बल्कि विदेशों में भी इनका व्यापक प्रचार-प्रसार हो रहा है।

## चतुर्थ नवरात्रि पर वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा

कुरुक्षेत्र। नवरात्रि महोत्सव में चतुर्थ नवरात्र पर श्री मद्भगवती महामाया आदिशक्ति स्वयंभू महाकाली मंदिर गांव शांति नगर( कुरड़ी) में जय ओंकार आश्रम मॉ आदिशक्ति पीठ में श्री श्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव जी महाराज कुरड़ी वाले एवं श्री श्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार जी महाराज कुरड़ी वालों की अनुकंपा से श्रीमद् भगवती आदिशक्ति स्वयंभू महामाया मां का चतुर्थ नवरात्रे पर वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर को फूलों व विद्युतचालित लडियों से सजाया गया और मंदिर में विराजित महामाया की सवा 7 फुट ऊंची भव्य मूर्ति को गंगाजल से स्नान कराकर सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कर, मां के चरणों में ओंकार महायज्ञ कर पूर्णाहुति स्वामी संदीप ओंकार जी द्वारा डाली गई और कन्या पूजन कर भंडारे का श्रीगणेश किया गया। इस अवसर पर स्वामी संतोष ओंकार जी महाराज ने कहा कि आदिशक्ति महामाया का मंदिर पृथ्वी पर अन्यत्र कहीं नहीं है और मां को प्रलयंकारी देव भी माना गया है और जो भी मां के चरणों में आकर मां के मंदिर की परिक्रमा करता है और मां के दर्शन करता है उसे जीवन में कभी भी अकाल कष्ट नहीं आता और उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।





## आज सजेगा बाबा श्याम का दरबार शहर में निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

पिहोवा। श्री खाटू श्याम समिति द्वारा 23 मार्च को अनाज मंडी पिहोवा में होने वाले श्री खाटू श्याम जागरण की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। समिति के प्रधान अजय गर्ग ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी समिति द्वारा खाटू श्याम जागरण धूमधाम से मनाया जायेगा। जागरण में श्याम परिवार द्वारा शहर मे भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। श्रीसंगमेश्वर सेवा दल अरुणाएं मंदिर द्वारा लंगर की व्यवस्था होगी। श्रीगौरी शंकर सेवा दल, माता बाला सुंदरी कमेटी, गणेश उत्सव सेवा समिति, अग्रवाल सभा पिहोवा, हैल्पिंग हैंड्स कमेटी भी जागरण मे विशेष सेवाएं देंगी। रवि जिंदल और सोनू सिंगला ने बताया कि जागरण में कोलकाता से प्रसिद्ध भजन गायक शुभम रुपम और पिहोवा की शान भाई जतिन जिंदल अपनी मधुर वाणी से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता पंडित जय भगवान शर्मा एवं अतिविशिष्ठ अतिथि के रूप में नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपानी, अशोक मित्तल, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता शर्मा, सतीश सैनी, हन्नु चक्रपानी, समाजसेवी प्रो. रणधीर सिंह और कृष्ण अवतार अम्बालिया उपस्थित रहेंगे।

## मानव कल्याण पर आधारित होना चाहिए कानूनी ढांचा

- केंद्रीय अर्जुन मेघवाल व पूर्व सांसद ईश्वर सिंह ने 6 करोड़ की लागत से बनने वाले महिला छात्रावास का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कानूनी और नैतिक ढांचा मानव कल्याण पर आधारित होना चाहिए। हमारा विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि एक ऐसी डिजिटल क्रांति का नेतृत्व करना है जो पूरी तरह से मानव-केंद्रित हो। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, तकनीकी विकास और जनभागीदारी को नई दिशा देगी। विधायी भाषा का प्रत्येक शब्द महत्वपूर्ण होता है और सटीक मसौदा तैयार करना शासन व्यवस्था का आधार है। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन मेघवाल ने रविवार को गांव खेड़ी मारंकडा में अंबेडकर एजुकेशन सोसायटी की तरफ से अंबेडकर ला कालेज में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन मेघवाल व पूर्व सांसद ईश्वर सिंह ने 6 करोड़ की लागत से बनने वाले महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल भी मौजूद रहे। इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री ने कानून के विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद किया और नए कानून को लेकर बातचीत भी की है। इसके बाद केंद्रीय कानून मंत्री ने अंबेडकर ला कालेज का अवलोकन किया।

### जमानत है कानूनी अधिकार : अंकित

कुरुक्षेत्र। ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने आम नागरिकों को जमानत से जुड़े कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि जमानत को लेकर समाज में कई प्रकार की गलत धारणाएं फैली हुई हैं। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी का अर्थ यह नहीं है कि वह दोषी है। कानून के अनुसार जब तक न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध नहीं किया जाता, तब तक हर व्यक्ति निर्दोष माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित क्षेत्रीय दिशा कार्यशाला में कहा कि नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 'विकसित भारत' विजन के तहत समावेशी विकास और सुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार की दिशा योजना अहम भूमिका निभा रही है। इस योजना के माध्यम से तकनीक आधारित पहल जैसे टेली-लॉ, न्याय बंधु और विधिक जागरूकता कार्यक्रमों से आम नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुलभ और प्रभावी कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### 3600 ग्रेड पे पर भेदभाव बर्दाश्त नहीं : सचदेवा

कुरुक्षेत्र। सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविंदर सचदेवा ने हरियाणा सरकार पर विश्वविद्यालय सहायकों के साथ स्पष्ट अन्याय और भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सभी न्यायिक आदेशों के बावजूद सरकार ने केवल याचिकाकतार्ओं को ही 3600 रुपये ग्रेड पे का लाभ देकर बाकी समान पदधारी कर्मचारियों को वंचित रखा है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 और ह्यसमान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत का उल्लंघन है। सचदेवा के अनुसार, वर्ष 2009 में विश्वविद्यालय सहायकों को 3600 रुपये ग्रेड पे दिया गया था, जिसे 2014 में घटाकर 3200 रुपये कर दिया गया। इसके खिलाफ कर्मचारियों ने न्यायालय का सहारा लिया, जहां 15 जुलाई 2019 को उच्च न्यायालय ने 3600 रुपये ग्रेड पे बहाल करने के आदेश दिए।

### इनेलो युवा सम्मेलन में थानेसर से पहुंचेंगे हजारों युवा : कृष्ण बूरा

कुरुक्षेत्र। इनेलो के हलका थानेसर अध्यक्ष कृष्ण बूरा किरमच ने कहा कि 23 मार्च को शहीदी दिवस पर नरवाना में होने वाला इनेलो युवा सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग भाजपा और कांग्रेस का शासन देख चुके हैं और इस बार उम्मीद भरी नजरों से इनेलो की ओर देख रहे हैं। कृष्ण बूरा ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में युवा सम्मेलन में पहुंचने की अपील की। कृष्ण बूरा ने बताया कि युवा सम्मेलन में जहां हरियाणा के विभिन्न जिलों से भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे वही थानेसर हलका से हजारों की संख्या में युवा सम्मेलन में शाामिल होंगे। कृष्ण बूरा ने शहीदों की कुबार्नी और उनके आदर्शों का महत्व बताते हुए कहा कि इनके मार्ग पर चलकर ही समाज और देश को मजबूत किया जा सकता है। कहा कि शहीदी दिवस के लिए रणनीति तैयार कर ली गई है। शहर से भारी संख्या में गाड़ियों के काफिले के साथ युवा नरवाना पहुंचेंगे। इसके लिए कार्यकतार्ओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।



## एलसीएलओ कर्मचारियों का सब्र टूटा, आज घेरेंगे सीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा में एलसीएलओ कर्मचारियों और सरकार के बीच तकरार गहराती जा रही है। पिछले छः महीनों से कुरुक्षेत्र में धरने पर बैठे इन युवाओं का गुस्सा अब सातवें आसमान पर पहुँच गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन के राज्य उपप्रधान प्रवीण ने बताया कि एलसीएलओ यूनियन ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उन्होंने बताया कि यूनियन ने दो बड़े फैसले लिए हैं, जिसके तहत 23 मार्च शहीदी दिवस को प्रदेश भर के कर्मचारी कुरुक्षेत्र के पीपली में मुख्यमंत्री सैनी के आवास का घेराव करेंगे। यदि फिर भी समाधान नहीं हुआ तो 4 हजार एलसीएलओ कर्मचारी, उनके परिवार और रिश्तेदार आगामी चुनावों में मतदान नहीं करेंगे। यूनियन हर चुनाव से दूरी बनाएगी।राज्य कार्यरकारिणी सदस्य रोहित धानिया रोहतक ने बताया कि यह विवाद पदनाम बदलने और वेतन न मिलने से जुड़ा है। क्रीड (सीआरआईडी) के तहत सीपीएलओ पद के लिए परीक्षा ली गई थी, लेकिनन चयन के बाद आधे युवाओं को सीपलएलओ बनाया गया, जबकि आधे का पदनाम बदलकर एलसीएलओ कर दिया गया। उन्होंने कहा कि एलसीएलओ को 18 महीने से न काम मिला है और ना वेतन तथा सीपीएलओ को मात्र 6 हजार मिल रहे हैं।





### गीता बदलती है जीवन जीने का दृष्टिकोण : ज्ञानानंद

कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता जीवन जीने के दृष्टिकोण में न केवल बदलाव करती है, बल्कि मनुष्य को कर्म करने की ओर प्रेरित करती है। कर्म करना ही मनुष्य का दायित्व है। जीओ गीता संस्थान की ओर से गीता प्रवाह की जो मुहिम शुरू की गई है, उससे आमजन में गीता के प्रति जुड़ाव बढ़ रहा है। गीता मनीषी ने उद्बोधन गीता अध्ययन एवं शोध केंद्र की ओर से आयोजित मासिक गीता प्रवाह संगोष्ठी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिया। उन्होंने कहा कि गीता के बिना जीवन अधूरा है। गीता हर अवस्था में मनुष्य को सच्चाई, न्याय और सत्य का मार्ग दिखाता है। गीता प्रवाह संगोष्ठी में प्रबुद्धजनों की ओर से सकारात्मक सोच के साथ गीता के प्रचार-प्रसार की जो योजना तैयार की जा रही है, उस सराहनीय है। गीता प्रवाह संगोष्ठी में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अध्यक्षता जीओ गीता सचिव मदन मोहन छाबड़ा ने की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर तेजिंद्र शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। जीओ गीता सचिव मदन मोहन छाबड़ा ने मुख्यातिथि प्रोफेसर असीम मिगलानी का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।




### गुरुकुल मेंआधुनिक शिक्षा के साथ छात्रों को पुरातन वैदिक संस्कारों से जोड़ा जाता है : डॉ. राजेन्द्र

कुरुक्षेत्र। गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्यश्री देवव्रत के ओजस्वी मार्गदर्शन में चल रहे गुरुकुल गुरुकुल, गुरुकुल नीलोखेड़ी, आर्यकुलम् नीलोखेड़ी और गुरुकुल ज्योतिसर में सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश के लिए आयोजित गुरुकुल शिक्षा उत्सव के अंतिम दिन कक्षा 5वीं और छठी के लिए हजारों छात्रों ने परीक्षा दी। इस दौरान डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने अभिभावकों को सचेत करते हुए कहा कि उक्त चारों गुरुकुलों के अलावा गुरुकुल शब्द लिखे किसी अन्य संस्थान से हमारा कोई लेना-देना नहीं है, अतः अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर स्वयं जागरूक व सचेत रहें। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री के मार्गदर्शन में चल रहे उक्त गुरुकुलों की बढ़ती लोकप्रियता और यहां के छात्रों की उपलब्धियों को देखकर कई बंद हो चुके शिक्षण संस्थानों ने अपने संस्थानों के नाम के आगे गुरुकुल शब्द जोड़ लिया जिससे अभिभावकों को यह भ्रम होता है कि ये तथाकथित गुरुकुल भी आचार्यश्री के द्वारा ही संचालित हो रहे हैं, जबकि यह कोरा झूठ है। डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने बच्चे के लिए सही शिक्षण संस्थान का चुनाव और बेहतर केरियर आज हर अभिभावक के लिए एक चुनौती बन गया है। अत्यधिक दुलार और बच्चों की जिद के आगे अभिभावक नतमस्तक हैं जिस कारण उनका खानपान, दिनचर्या और व्यवहार पर गलत असर पड़ रहा है। गुरुकुलों में बच्चों की शारीरिक, मानसिक और वैचारिक उन्नति पर कार्य किया जाता है। उन्हें पोषणयुक्त प्राकृतिक आहार, शुद्ध दूध दिया जाता है ताकि वे शारीरिक रूप से मजबूत बनें। दैनिक दिनचर्या ऐसी होती है कि बच्चा पढ़ाई, खेल और योगासन, व्यायाम को पूरा समय दें और थकन से चूर होकर रात को बिस्तर पर जाए।

**कार्यक्रम** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एक दिवसीय संगीत समारोह का आयोजन

# शास्त्रीय और आधुनिक सुरों का संगम, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा एक दिवसीय संगीत समारोह का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा एवं अन्य शिक्षकों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विभाग के सभागार में आयोजित इस समारोह में सर्वप्रथम विभाग के शोध पारितोष ने राग वृन्दावनी सारंग में बड़ा ख्याल एवं छोटा ख्याल प्रस्तुत कर अपनी उत्कृष्ट गायकी का परिचय दिया। उनकी प्रस्तुति को तबले पर विकास तथा हारमोनियम पर हिमांशु जांगीर ने सधे हुए अंदाज में संगत कर और भी प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार डॉ. शिवप्रसाद कोमराजोलु का मुख्य मुरली (व्हिसिल वादन) विशेष आकर्षण रहा।




### विभिन्न फिल्मी गीतों को अनूठी शैली में किया प्रस्तुत

उन्होंने राग अहीर भैरव सहित विभिन्न फिल्मी गीतों को अपनी अनूठी शैली में प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति में तबले पर उस्ताद इलियास खान, हारमोनियम पर डॉ. तरुण जोशी तथा बांसुरी पर माधव भाटिया ने उत्कृष्ट संगत प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुरुषोत्तम द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर शुचिस्मिता, डॉ. आरती श्योकंद, डॉ. हरविंदर, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. पूजा चौधरी, डॉ. सीमा जौहरी सहित विभाग के अनेक शिक्षक, विद्यार्थी एवं संगीत प्रेमी श्रोतागण उपस्थित रहे।

## शोध को नई दिशा देगी छात्र परियोजना: सोमनाथ सचदेवा

- शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए छात्र परियोजना कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण परियोजना स्वीकृत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग, को हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए छात्र परियोजना कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण परियोजना स्वीकृत की गई है। विभाग को प्राप्त आधिकारिक पत्र के अनुसार, उनके परियोजना प्रस्ताव को विशेषज्ञ समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक छात्र समूह को प्रति परियोजना 15,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह अनुदान तृतीय वर्ष और चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित किया गया है। इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अवनीश कुमार वर्मा, समस्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल विश्वविद्यालय में शोध एवं नवाचार को नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस परियोजना के माध्यम से छात्र अपनी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल को और अधिक विकसित करेंगे तथा भविष्य में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करेंगे।

खबर संक्षेप

## विकास विहार के चंडोक पर जानलेवा हमला

**अंबाला।** अंबाला शहर के विकास विहार के रहने वाले जगजीत चंडोक पर जानलेवा हमला हुआ है। हमलावरों ने चंडोक से 25 हजार रुपये की नकदी व मोबाइल फोन भी छीन लिया है। हमले के बाद आरोपी फरार हो गए। जख्मी हालत में चंडोक अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस को दी शिकायत में जगजीत चंडोक ने बताया कि बीते रोज वह लगभग 8:00 से 9:00 बजे के बीच अपनी स्कूटर पर सवार होकर घर लौट रहा था।

## तेपला में मनाया जल अर्पण दिवस

**अंबाला।** कार्यकारी अभियंता हरभजन सिंह की अध्यक्षता में रविवार को ग्राम तेपला में जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत गांव में विश्व जल दिवस के उपलक्ष में जल अर्पण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गांव में एक जागरूकता बैठक एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जल के महत्व एवं संरक्षण के बारे में जागरूक करना तथा जल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं डिप्टी सैक्रेटरी डॉ. अंकिता चक्रवर्ती का अभिनंदन किया गया।

## मौके पर करेंगे बिजली समस्याओं का समाधान

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 24 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधित शिकायत यहां रख सकता है। मौके पर ही ज्यादातर समस्याओं का समाधान करने की बात कही जा रही है।

## शहीदी दिवस पर होगा रक्तदान शिविर

**बराड़ा।** शहीदी दिवस के अवसर पर प्रयास समाज सेवा संस्थान द्वारा 23 मार्च दिन सोमवार को अग्रवाल धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। प्रयास समाज सेवा संस्थान के प्रधान विशाल सिंगला ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि समाज सेवा से ही दी जा सकती है।

## शिक्षकों ने सरकार के फैसले का किया स्वागत

**बराड़ा।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ-421 के खंड के प्रधान तरविंदर शर्मा ने हरियाणा सरकार के बजट भाषण में की गई महत्वपूर्ण घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि यदि कोई कर्मचारी किसी दीर्घकालीन (क्रॉनिक) बीमारी से ग्रस्त होने के कारण स्वेच्छा से पदोन्नति नहीं लेता है तो उसकी एसीपी नहीं काटी जाएगी। तरविंदर शर्मा ने कहा कि यह फैसला गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।

### ईरान-अमेरिकी युद्ध से साइंस कारोबार हुए ठप

# करोड़ों के ऑर्डर फंसे, बीमा कंपनियों ने भी हाथ खड़े किए

माल डंप से होने से कारोबारियों के सामने खड़ा हुआ आर्थिक संकट

*कारोबारी बोले, खाड़ी देशों में तनाव की वजह से माल भेजना हुआ रिस्की, शिपिंग कंपनियों ने भी सरचार्ज बढ़ाया।*

***शिपिंग कंपनियों ने लगाया भारी वार सरचार्ज***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ईरान-अमेरिका युद्ध से साइंस कारोबारियों के सामने नया आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कारोबारियों की मानें तो युद्ध की वजह से खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव और युद्ध के हालात ने उनके व्यापार की कमर तोड़ दी है। खासकर साइंस और प्रयोगशाला उपकरणों के निर्यात से जुड़े कारोबारी खाड़ी में तनाव से बेहद त्रस्त हैं। कारोबारियों की मानें तो शिपिंग कंपनियों ने भारी-भरकम वार सरचार्ज लगाकर उनके सामने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। अब बीमा कंपनियां भी उनके नुकसान की भरपाई से पीछे हट रही हैं। दरअसल खाड़ी के देशों में विज्ञान और प्रयोगशाला के उत्पादों की भारी मांग रहती है। यहां के साइंस इंडस्ट्री में तैयार होने वाले सामान की सप्लाई कई खाड़ी देशों में रहती है। मगर युद्ध के हालात से अब कारोबार पूरी तरह से ठप हो गया है। मौजूदा संकट के कारण अब खाड़ी देशों में सामान भेजना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। शिपिंग लाइनों द्वारा लगाए गए वार सरचार्ज की वजह से माल भाड़े में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है जिससे उत्पादों की लैंडिंग कॉस्ट काफी बढ़ गई है, इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग भी कमजोर पड़ गई है। निर्यातकों का कहना हहै कि व्यापारियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सुरक्षा और जोखिम की है। मौजूदा हालात को देखते हुए कोई भी इंश्योरेंस कंपनी खाड़ी देशों में जाने वाले सामान का बीमा करने को तैयार नहीं है।



एआई-जनित फोटो

### बीमा संकट से निर्यात ठप

बिना बीमा के समुद्री रास्तों से लाखों का माल भेजना जोखिम भरा है। युद्ध की स्थिति में नुकसान की भरपाई का कोई रास्ता नहीं बचता। उधर अंबाला साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट मैन्यूफेक्चरर्स एसोसिएशन के महासचिव उमाकांत ने बताया कि बीमा न मिलने और सरचार्ज की मार के कारण निर्यातकों ने फिलहाल खाड़ी देशों में अपने सामान की सप्लाई को करीब बंद कर दिया है। निर्यात ठप होने से न केवल करोड़ों रुपये के ऑर्डर फंस गए हैं बल्कि फैक्टरियों में तैयार पड़ा माल भी डंप होने लगा है। अगर यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में लेबोरेटरी उपकरण उद्योग को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

### 2 हजार ईकाइयों में बनता है सामान

अंबाला छावनी और साहा क्षेत्र में 2,000 से अधिक इकाइयों में कांच के बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, शैक्षिक उपकरण और अन्य वैज्ञानिक उपकरण बनाने का कारोबार होता है। अंबाला का साइंस उद्योग न केवल पूरे देश में बल्कि खाड़ी , अफ्रीका और यूरोपीय देशों को भी उत्पाद आपूर्ति करता रहा है। इन ईकाईयों में फार्मा कंपनियों, अनुसंधान कार्यों और वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में इस्तेमाल होने वाले बीकर, फ्लास्क, पिपेट और अन्य सामान तैयार किया जाता है।



**मुलाना।** जवाहर नवोदय स्कूल में दाखिल के लिए आयोजित होने वाले परीक्षा में बाजी मारने वाले छात्र।

## तीन छात्रों ने जवाहर नवोदय परीक्षा में रचा इतिहास, अक्षज रहा प्रथम

- हरगुन को हासिल हुई 8वीं रैंक, अरोही गर्ग ने भी परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

यहां के तीन होनहार विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है । इन बच्चों की उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और जिले को गौरवान्वित किया है।

इस कठिन और प्रतिस्पर्धी परीक्षा में अक्षज गुप्ता ने प्रथम रैंक प्राप्त कर पूरे जिले में अव्वल स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने कस्बे को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। वहीं हरगुन ने 8वीं रैंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। इसके साथ ही अरोही गर्ग, पुत्री रोहित कुमार, ने भी परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। तीनों विद्यार्थियों की इस सफलता से पूरे गांव में खुशी की लहर है । इस अवसर पर ग्राम सरपंच प्रवीण कुमार ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने अभिभावकों की मेहनत और सहयोग की भी सराहना की। गौरतलब है कि इस सफलता के पीछे नवोदय विद्यालय की पूर्व छात्रा प्रियंका का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बच्चों को न केवल पढ़ाई में मार्गदर्शन दिया, बल्कि उन्हें सही दिशा और आत्मविश्वास भी प्रदान किया। उनकी मेहनत और समर्पण ने इन बच्चों को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं

ग्राम सरपंच प्रवीण का कहना है कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि यदि सही मार्गदर्शन और मेहनत हो, तो ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं। इन तीन सितारों ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती। इन बच्चों की सफलता ने जिले में एक सकारात्मक संदेश दिया है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। आने वाले समय में यहां से और भी ऐसे होनहार निकलेंगे, जो गांव व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

## आरपीएस विद्यालय में गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय ने अपनी सुविधाओं में विस्तार करते हुए छात्राओं के लिए एक नवनिर्मित एसी गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित भव्य हवन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में आरपीएस प्रबंधन समिति की सेक्रेटरी बिमला देवी, एडवोकेट नरेन्द्र राव, चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रेम राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सेक्रेटरी बिमला देवी ने कहा कि एक शिक्षित बेटी न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज का भविष्य संवारती है। उन्होंने बेटियों के आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल देते हुए इस आधुनिक छात्रावास को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि उनका उद्देश्य बेटियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें एक ऐसा सुरक्षित और घर जैसा पोषणकारी वातावरण प्रदान करना है। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि इस हॉस्टल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि छात्राओं को प्रतिस्पर्धा के इस युग में पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम माहौल मिल सके। वहीं, डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने स्पष्ट किया कि परिसर में तकनीक और सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



**महेंद्रगढ़।** हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस डीएवी स्कूल में दाखिला लेने वाले हर छात्र का होगा संर्वागीण विकास

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में 400 अभिभावकों ने की हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में रविवार को पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नए सत्र की शुरुआत के साथ डीएवी का हिस्सा बनने जा रहे नए बच्चों व अभिभावकों के लिए किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए पेरेंट्स को स्कूल की शिक्षण प्रक्रिया से अवगत करवाना था। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने सभी नए अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए डीएवी परिवार से जुड़ने पर उनका धन्यवाद किया। उन्होंने पेरेंट्स को आर्ट ऑफ़ पेरेंटिंग के विषय में बताया कि माता-पिता अपने बच्चे के समग्र विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह माता-पिता का सही मार्गदर्शन ही है जो बच्चे के चरित्र को विकसित करता है। जैसे हर बच्चा अलग होता है, वैसे ही उनकी ग्रोथ और विकास भी अलग तरह से होते हैं। लेकिन, माता-पिता के लिए बच्चों की ग्रोथ और विकास पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। माता-पिता के सहयोग से बच्चे अनुशासन को समझते हैं, प्रतिक्रिया को स्वीकार करते हैं और जीवन को सही तरीके से जीना सीखते हैं। बच्चा माता-पिता के व्यवहार को नोटिस करता है। माता-पिता के बीच की बातचीत और बहस को वो समझता है। इस समय बच्चा दूसरों से कैसा व्यवहार करना है, टीम स्पिरिट, सही दोस्तों को चुनना आदि सीखता है। उन्होंने अभिभावकों को इस ओरिएंटेशन के मुख्य उद्देश्य के बारे में समझाया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे के माता-पिता अपने बच्चे की मदर टीचर से मिलकर पूरे वर्ष होने वाले एक्टिविटीज़ के बारे में जान सके और बच्चों का किस प्रकार कक्षा में ध्यान रखा जाता है व उन्हें पूर्ण रूप से आश्वस्त किया जाता है कि उनके बच्चे का विकास यंहा पूर्ण रूप से सही प्रकार से किया जाएगा। उन्होंने पुलिस डीएवी की उपलब्धियां के विषय में बताया कि आज हमारा स्कूल जिन ऊंचाइयों पर पहुंच गया है यह सब अभिभावकों के सहयोग और बच्चों के हर साल की परफॉर्मेंस वजह से हुआ है इसके लिए उनका धन्यवाद किया।



**अंबाला।** कार्यक्रम में हिस्सा लेते छात्र व उनके परिजन।

## 100 मीटर रेस में रिटायर्ड टीचर रामपाल विजेता बने

- ऋषिपाल को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

रविवार को हरियाणा सेवानिवृत राजकीय अध्यापक संघ द्वारा तीसरा सेवानिवृत राजकीय कर्मचारी खेल मेला राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया ग या । इ स में सेवानिवृत संयुक्त निदेशक जिले सिंह अत्री मुख्य अतिथि एवं सेवानिवृत मुख्य अध्यापक मामराज सैनी अध्यक्ष के रूप में सम्मलित हुए।

खेल मेले में वॉलीबाल, गोला फेंक, रस्सासकसी एवम दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गाय । इस प्रतियोगिता में 200 मीटर दौड़ (58 से 65 वर्ष पुरूष वर्ग) में रामपाल प्रथम, ऋषिपाल द्वितीय तथा कुलवंत सिंह तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ (65 से उपर पुरूष वर्ग) में नेतराम प्रथम, कृष्ण लाल द्वितीय तथा हमीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ (58 से 65 वर्ष पुरूष वर्ग) में रामपाल प्रथम, ऋषिपाल द्वितीय तथा सुनील तृतीय रहे। शॉटपुट , गोला फेंक (58 से 65 वर्ष पुरूष वर्ग) में हरबंस सिंह प्रथम, कुलवंत सिंह द्वितीय तथा अख्तर अली तृतीय रहे। शॉटपुट , गोला फेंक (65 वर्ष से उपर पुरूष वर्ग) में विजय कुमार प्रथम , नेतराम द्वितीय तथा सतप्रकाश तृतीय रहे। शॉटपुट , गोला फेंक महिला वर्ग में जीतकौर प्रथम , कमला देवी द्वितीय तथा नीना देवी तृतीय रही। वॉलीबाल प्रतियोगिता में नारायणगढ़ एवं शहजादपुर संयुक्त रूप से विजेता रहे। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं को आयोजन खेल प्रशिक्षक कुलवंत सिंह, नसीम जावेद, विनोद कुमार, मीनाक्षी वालिया व अमन द्वारा कराया गया।




**नारायणगढ़।** खेल मेले में हिस्सेदारी करने वाली रिटायर्ड महिला शिक्षक।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हमीर सिंह, हरीश शर्मा, सुखदेव राज, विनोद वर्मा, कुलभूषण सैनी, रामकुमार सैनी, जरनैल सिंह, सुदेश कालिया, जसविंद्र सिंह, जसमेर सिंह, शेर सिंह, कर्म सिंह उपस्थित रहे।

## महायज्ञ कर देश को नशामुक्त बनाने का लिया संकल्प

- डीएवी पब्लिक स्कूल में नो नशा नेशन अभियान का चौथा चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी पब्लिक स्कूल में नो नशा नेशन अभियान के चौथे चरण के अंतर्गत नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रजौली रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पावन परिसर में 100 कुंडीय महायज्ञ के साथ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों, विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।यह अभियान डीएवी मैनेजिंग कमेटी के प्रधान पद्मश्री आर्यरत्न पूनम सूरी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान जगदीश चंद, उपप्रधान श्यामलाल, महासचिव पवन कुमार, सचिव राजकुमार, कैशियर मनोज कुमार, प्रेस वक्ता मनफूल सिंह, उपकोषाध्यक्ष रामकुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या ने सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुए महायज्ञ में उपस्थित सभी लोगों ने आहुति डालकर नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाषण, कविता एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों ने उपस्थित जनसमूह को जागरूक और प्रेरित किया। वैदिक अनुसंधान के प्रधान आचार्य गोपाल शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों को संस्कारयुक्त एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन जीने की प्रेरणा दी।



**बराड़ा।** हवन में भाग लेते हुए लोग।

## सभी निजी स्कूलों को भरना होगा फार्म 6

**अंबाला।** मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के लिए शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सभी स्कूलों को फार्म-6 ऑनलाइन भरना अनिवार्य कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा महानिदेशक ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई स्कूल इस प्रक्रिया में विफल रहता है, तो उसका एमआईएस खाता तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा। ऑनलाइन पोर्टल पर ही विभाग की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फार्म-6 की अर्जी लिंक के माध्यम से डाउनलोड करके भरनी होगी। स्कूलों को अपने पुराने एमआईएस यूजरनेम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करना होगा। यदि कोई तकनीकी समस्या आती है तो विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 0172-5049801 पर संपर्क किया जा सकता है। फार्म-6 के तहत स्कूल केवल पंजीकरण, दाखिला (पहली, छठी, नौवीं और 11वीं), बोर्ड परीक्षा और फार्म में घोषित समग्र फीस ही ले सकेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### रेलवे रोड पर मनाया आर्य समाज का स्थापना दिवस

# सत्य, ज्ञान और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा है आर्य समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के आर्य समाज रेलवे रोड में रविवार को आर्य समाज स्थापना दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ, भजन-कीर्तन तथा वैदिक प्रवचन का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः हवन यज्ञ से हुआ जिसमें समाज के सदस्यों एवं उपस्थित लोगों ने आहुति देकर विश्व शांति, समाज सुधार और मानव कल्याण की प्रार्थना की।

इसके पश्चात विद्वानों द्वारा आर्य समाज के सिद्धांतों एवं महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने अपने संबोधन में आर्य समाज महत्व को बताते हुए कहा कि आर्य समाज ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे वैदिक सिद्धांतों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएं।कोहली ने आह्वान किया कि आर्य समाज स्थापना दिवस हमें महर्षि दयानंद सरस्वती के उन महान विचारों की याद दिलाता है जिन्होंने समाज में व्याप्त अज्ञान, अंधविश्वास और कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया। आर्य समाज केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक विचारधारा है — सत्य, ज्ञान और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा। “वेदों की ओर लौटो” का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय था। आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक ने हमें आगे बढ़ाया है। नैतिक मूल्यों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। आर्य समाज हमें सिखाता है कि हम सत्य का अनुसरण करें, शिक्षा को अपनाएं और समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा दें।



**अंबाला।** हवन यज्ञ में आहुतियां डालते यजमान।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हैदराबाद सत्याग्रह आंदोलन स्मरण दिवस (22 मार्च ) का भी जिक्र किया गया जब आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के तत्कालीन यशस्वी प्रधान महात्मा खुशहाल चंद ने देश को आजाद करवाने के लिये हजारों आर्य समाजियों के साथ गिरफ्तारी दी थी। इस अवसर पर गुरचरण सैनी, प्रदीप कुमार, आर्य स्कूल की प्रधानाचार्या रविंदर वालिया, डॉ नरेंद्र गुप्ता , पंकज सूरी, दीपक शर्मा, एवं आर्य स्कूल के अध्यापक- अध्यापिकायें भी मुख्य रूप से मौजूद रहे ।